# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

- अंतर्राष्ट्रीय
- राष्ट्रीय
- विज्ञान
- अध्ययन
- पर्यावरण
- राजव्यवस्था
- योजना/ नीति
- कला-संस्कृति
- अर्थव्यवस्था
- सामाजिक मुद्दे



## डेली करेंट अफ़ेयर्स

**19 अप्रैल 2024**

# विश्व जनसंख्या स्थिति, 2024 की रिपोर्ट :

- यूएनएफपीए की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आबादी 1.44 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें 24 प्रतिशत 0-14 आयु वर्ग में हैं।



- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की विश्व जनसंख्या स्थिति-2024 रिपोर्ट - **"इंटरवॉवन लाइव्स, थ्रेड्स ऑफ होप: यौन और प्रजनन स्वास्थ्य और अधिकारों में असमानताओं को समाप्त करना"** - से पता चला कि भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी होने का अनुमान है।

## रिपोर्ट के अन्य बिंदु; -

- 2011 में हुई पिछली जनगणना के दौरान **भारत की जनसंख्या 1.21 अरब** दर्ज की गई थी।
- भारत की अनुमानित **24 प्रतिशत आबादी 0-14 वर्ष** की है, **जबकि 17 प्रतिशत 10-19 आयु सीमा** के भीतर है।
- अनुमान है कि **10-24 आयु वर्ग 26 प्रतिशत** है, **जबकि 15-64 आयु वर्ग 68 प्रतिशत** है।
- भारत की **7 प्रतिशत आबादी 65 वर्ष** और उससे अधिक आयु की है, जिसमें **पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष** और **महिलाओं की 74 वर्ष** है।
- रिपोर्ट के मुताबिक, **2006-2023 के बीच भारत में बाल विवाह का प्रतिशत 23** था।
- भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का **8 प्रतिशत** है।
- भारत में दलित कार्यकर्ताओं ने कार्यस्थलों और शिक्षा में जाति-आधारित भेदभाव का सामना करने वाली महिलाओं के लिए कानूनी सुरक्षा के लिए तर्क दिया है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि लाखों महिलाएं और लड़कियां अभी भी बहुत पीछे हैं, और प्रमुख उपायों पर प्रगति धीमी हो रही है या रुकी हुई है - **2016 के बाद से हर दिन 800 महिलाएं बच्चे को जन्म देते समय मर जाती हैं**; **एक चौथाई महिलाएं अपने साथी के साथ यौन संबंध बनाने से इंकार नहीं कर सकती हैं** और **लगभग 10 में से एक महिला गर्भनिरोधक के बारे में अपना निर्णय स्वयं** नहीं ले सकती है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि डेटा वाले 40 फीसदी देशों में महिलाओं की शारीरिक स्वायत्तता कम हो रही है।

## भारत में लैंगिक और जनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की पहलें;-

- **सरोगेसी (विनियमन) संशोधन नियम, 2024** लागू किए गए हैं।
- **जननी सुरक्षा योजना** चलाई जा रही है।

## संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) ;-

- **स्थापनाः** इसकी स्थापना 1969 में की गई थी।
- **मुख्यालयः** न्यूयॉर्क (संयुक्त राज्य अमेरिका)।

- यह लैंगिक और जनन स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है|
- इसके कार्य **संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC)** द्वारा तय किए गए हैं|
- **कार्यः** यह वैश्विक स्तर पर लैंगिक और पुनर्जनन स्वास्थ्य से संबंधित कई सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने में मदद करता है| **इन सेवाओं में शामिल हैं:** स्वैच्छिक परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य देखभाल, व्यापक लैंगिक शिक्षा आदि|

## सैन्य जासूस टोही उपग्रह :

- हाल ही मे **दक्षिण कोरिया** के दूसरे घरेलू स्तर पर निर्मित **जासूसी उपग्रह** को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया|
- **सियोल** ने उत्तर की बेहतर निगरानी के लिए **2025 तक कुल पांच सैन्य जासूसी उपग्रह लॉन्च करने की योजना** बनाई है|
- **दक्षिण कोरिया** ने उत्तर की बेहतर निगरानी के लिए 2025 तक कुल पांच सैन्य जासूसी उपग्रह लॉन्च करने की योजना बनाई है|
- उपग्रह स्पेसएक्स के **फाल्कन 9 रॉकेट** से लॉन्च किया गया है|
- यह उपग्रह **सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR) से लैस** है|
- इस क्षमता से युक्त उपग्रह **खराब मौसम में भी तस्वीरें** ले सकता है|
- इस तरह के उपग्रह अन्य देशों की सैन्य गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी उपलब्ध कराते हैं |
- यह या तो संचार उपग्रह या भू-प्रेक्षण (Earth observation) उपग्रह हो सकता है|
- ऐसा उपग्रह जब किसी देश के ऊपर से गुजरता है, तब उस समय **रेडियो और रडार ट्रांसमिशन को कैच कर सकता है** व **रिकॉर्ड कर सकता** है|



# निर्भय क्रूज मिसाइल :

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 18 अप्रैल 2024 को स्वदेशी इंजन के साथ निर्भय क्रूज मिसाइल (Nirbhay ITCM Cruise Missile) का सफल परीक्षण किया |
- इस मिसाइल की उड़ान को वायुसेना के सुखोई एसयू-30-एमके-1 फाइटर जेट से भी ट्रैक किया गया| मिसाइल ने टेस्ट के सभी मानकों को पूरा किया|

**मुख्य बिंदु: -**

- इस मिसाइल ने परीक्षण के दौरान 864 किमी से 111 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार हासिल की|
- यह मिसाइल हगिंग कैपेबिलिटी से लैस है, जिसमें निशाना लगाने के बाद निष्क्रिय करना बेहद मुश्किल होता है |
- यह दो स्टेज की मिसाइल है, जिसमें पहले स्टेज में ठोस और दूसरे स्टेज में लिक्विड फ्यूल का इस्तेमाल होता है|
- यह मिसाइल 300 किलोग्राम तक के हथियार ले जा सकती है और इसकी अधिकतम रेंज 1500 किमी है|
- ये जमीन से 50 मीटर ऊपर और समुद्र से 4 किमी ऊपर उड़कर टारगेट को ध्वस्त कर सकती है|



# 'एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024' :

- भारतीय पहलवानों ने किर्गिस्तान के बिश्केक में हाल ही में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 का समापन 9 पदकों के साथ किया, जिसमें चार रजत और पांच कांस्य पदक शामिल रहे|
- इस प्रतियोगिता में 30 भारतीय पहलवानों ने हिस्सा लिया, जिनमें से फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला वर्ग की हर प्रतियोगिता में 10 पहलवान शामिल थे|

## भारत के पदक विजेता;-

- **उदित** - 57 किग्रा भार वर्ग फ्रीस्टाइल- **रजत पदक**
- **राधिका**- 68 किग्रा भार वर्ग फ्रीस्टाइल- **रजत पदक**
- **अंजू**- 53 किग्रा भार वर्ग फ्रीस्टाइल- **रजत पदक**
- **हर्षिता**- 72 किग्रा भार वर्ग फ्रीस्टाइल - **रजत पदक**
- **अभिमन्यु**- 70 किग्रा भार वर्ग फ्रीस्टाइल- **कांस्य पदक**
- **विक्की**- 97 किग्रा भार वर्ग फ्रीस्टाइल- **कांस्य पदक**
- **शिवानी**- 50 किग्रा भार वर्ग फ्रीस्टाइल- **कांस्य पदक**
- **मनीषा**- 62 किग्रा भार वर्ग फ्रीस्टाइल- **कांस्य पदक**
- **अंतिम कुंडू**- 65 किग्रा भार वर्ग फ्रीस्टाइल- **कांस्य पदक**



# डेली करंट अफेयर्स (MCQ)

1. हाल ही में अयोध्या में श्री राम सूर्य तिलक कार्यक्रम में किस भारतीय संस्था ने अहम भूमिका निभाई है ?
   (A) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ एस्ट्रोफिजिक्स (B) IIT कानपुर
   (C) IIT दिल्ली (D) IIT इंदौर

Ans;-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ एस्ट्रोफिजिक्स

2. हाल ही में वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी समिट 2024 का आयोजन कहाँ किया जा रहा है?
   (A) अबू धाबी (B) नई दिल्ली
   (C) दुबई (D) हॉन्ग कोंग

Ans;-अबू धाबी

3. हाल ही में किसे टाइम मैगजीन की दुनियां के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में शामिल किया गया है ?
   (A) दीपिका पादुकोण (B) क्यारा आडवाणी
   (C) आलिया भट्ट (D) कृति सेनन

Ans;-आलिया भट्ट

4. हाल ही में UNFPA ने कितने वर्षों में भारत की जनसंख्या दोगुनी होने का अनुमान लगाया है ?
   (A) 50 वर्ष (B) 60 वर्ष
   (C) 77 वर्ष (D) 88 वर्ष

Ans;-77वर्ष

5. हाल ही में DRDO द्वारा स्थापित भारतीय नौसेना के लिए मूल्यांकन केंद्र SPACE का उद्घाटन कहाँ किया गया है?
   (A) इडुक्की (B) पुणे
   (C) मुंबई (D) कोच्चि

Ans;-इडुक्की

6. हाल ही में कहाँ टैगोर ऑन द पद्मा बोट का आयोजन किया गया है ?
   (A) श्रीलंका (B) नेपाल
   (C) बांग्लादेश (D) भूटान

Ans;-बांग्लादेश